Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

LEAD TO ILLUMINATE

HINDI

2022-23

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

S. No	Name	Position
1	Ms THANE	HOD
2	Ms SHEELA	Faculty

INDEX (2022 -2023)

S NO	DATE	NAME OF THE EVENT	PARTICIPANTS	VENUE
1	30-07-2022	Prem Chand Jayanti	108	Montfort Hall
2	27-08-2022	Guest lecture on Employment in Hindi	108	Montfort Hall
3	07 - 14 Sep 2022	Hindi Diwas Celebration	122	Montfort Hall
4	04-11-2022	Intra collegiate Competition (LFDC)	60	Classroom
5	28-11-2022	Harivansh rai Bachchan Jayanti	109	Montfort Hall
6	05-12-2022	Inter collegiate Competitions (Degree)	42	Heritage Hall

7	06-12-2022	Inter collegiate competitions for junior college	44	Heritage Hall
8	10-01-2023	Vishwa Hindi Diwas Celebrations	30	P32
9	09-02-2023	Hindi lecturer attended as Judge for Bhavanotsav - Bhasha Tarang organized by Bhavans Vivekananda College	01	Bhavans Vivekananda College
10	09-02-2023	Student awarded with first prize in Bhavanotsav - Bhasha Tarang organized by Bhavans Vivekananda College	01	Bhavans Vivekananda College

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

प्रेमचंद जयंती

Name of the program	: Premchand Jayanthi
Date	: 30/07/2022
Place	: Montfort Hall
Number of Participants	: 108
Guest	: Dr D. Vidhyadhar

प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद (एलएफडीसी) में हिंदी के महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद के सम्मान में एक नाटक का आयोजन किया गया। प्रेमचंद की हृदयस्पर्शी कहानी 'सद्गति' पर आधारित नाटक कॉलेज के दूसरे व तीसरे वर्ष के छात्रों ने प्रस्तुत किया। नाटक मंचन से छात्रों की अभिनय प्रतिभा और हिंदी भाषा के प्रति उनका प्रेम उजागर होता है।
समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. डी. विद्याधर, प्राचार्य, विवेक वर्धनी कॉलेज, हैदराबाद ने छात्रों की प्रस्तुतियों पर अपनी टिप्पणी दी। साथ ही उन्होंने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य संबंधी छात्रों के ज्ञान और हिंदी भाषा प्रेम के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। अपने संबोधन में उन्होंने मुंशी प्रेमचंद के लेखन कौशल और भाषा शैली पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रेमचंद की भाषा शैली ने हिंदी साहित्य को काफी प्रभावित किया।
इस अवसर पर छात्रों को प्रेमचंद के जीवन संघर्ष और प्रेमचंद साहित्य से अंकित तत्कालीन भारतीय समाज की वास्तविकता के बारे में जानने का अवसर मिला। प्रेमचंद का जीवन और लेखन छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।
कार्यक्रम की शुरुआत कौशिक द्वारा प्रार्थना गीत से हुई। कार्यक्रम का परिचय श्रीमती शीला बालाजी ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, रोहन और हरिप्रसाद द्वारा प्रेमचंद की दो कहानियाँ कफन और बड़े भाई साहब का क्रमशः पाठ और नरेश (दुखी चमार), काजल (झुरिया), मौसमी (पंडिताइन), जेडन (पंडित जी) और ऐश्वर्य (दुखी चमार-झुरिया की बेटी) द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया।

अभिज्ञा द्वारा अतिथि का परिचय दिया गया। कार्यक्रम के समापन में कॉलेज के प्रधानाचार्य रेवरन ब्रदर विन्सेंट रेड्डी द्वारा मुख्य अतिथि को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। रोहन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्रगान से समारोह का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऋषिकेश ने किया। समारोह के सफल आयोजन में छात्र-नितीश, जीवांश अग्रवाल, मनोज, मार्शल आर्मस्ट्रॉंग, अफशिया, उत्कर्ष और डिंपल का सक्रिय योगदान रहा।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

प्रेमचंद जयंती की झलकियाँ

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

हिंदी में रोजगार पर व्याख्यान का आयोजन

Name of the program	: Guest Lecture on Employment in Hindi
Date	: 27/8/2022
Place	: Montfort Hall
Number of Participants	: 108
Guest	: Dr Sangeeta Kotiya

27.08.2022 को लिटिल फ्लावर डिग्री, कॉलेज, उप्पल में "हिंदी में रोजगार" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। उस्मानिया विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संगीता कोटिया अतिथि व्याख्यान की मुख्य वक्ता रहीं। कॉलेज के हिंदी संकाय (Faculty of Hindi) को हिंदी में रोजगार विषय पर व्याख्यान आयोजित करने के लिए शुभकामनाएँ देते हुए मनुष्य जीवन में मातृभाषा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा तथा राष्ट्रीय भाषा पर गर्व होना चाहिए। हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा है, जैसी बोली जाती है वैसी ही लिखी भी जाती है। हिंदी भाषा को बोलने और जानने वालों की संख्या में दिन-प्रति-दिन वृद्धि हो रही है। विदेशों में भी हिंदी की मांग बढ़ रही है। हिंदी भाषा में रोजगार के अवसर बहुत बढ़ रहे हैं। हिंदी का अध्ययन करने वालों के बीच अध्यापन क्षेत्र एक पारंपरिक करियर के रूप में लोकप्रिय है। दुनियाभर में जैसे-जैसे हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है वैसे-वैसे अनुवादकों और द्विभाषाविदों की माँग बढ़ती जा रही है। कई देशी-विदेशी मीडिया संस्थान, राजनीतिक संस्थान, पर्यटन से जुड़े संस्थान और बड़े-बड़े होटलों में अनुवादकों और दुभाषियों की अच्छी खासी माँग है। डॉ. संगीत ने कहा कि यदि छात्र हिंदी विषय में स्नातक हैं और उसने एक विषय के रूप में अंग्रेजी भी पढ़ी है तो राजभाषा अधिकारी व हिंदी अनुवादक के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, इंटरनेट, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में हिंदी के इस्तेमाल में इजाफा हुआ है। उन्होंने छात्रों को बताया कि फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर अब हिंदी का प्रयोग बहुत बढ़ गया है। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियों ने भी हिंदी में बहुत बड़े पैमाने पर काम करना शुरू कर दिया है। अतः इस क्षेत्र में भी रोजगार की बहुत संभावना है।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

अतिथि वक्ता को सम्मानित करते हुए प्राधानाचर्य ब्रदर विंसेन्ट रेड्डी	कार्यक्रम के समय छात्र प्रार्थना करते हुए

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

हिंदी दिवस का सफल आयोजन

Name of the program	: Hindi Diwas Celebrations
Date	: 07 to 14/09/2022
Place	: Montfort
Number of Participants	: 122
Guest	: Dr Afsarunnisa Begum

हिंदी दिवस के अवसर पर, कॉलेज में 7 से 14 सितंबर, 2022 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन, आशुभाषण जैसी प्रतियोगिताएँ और 'रंग दे बसंती' फिल्म की स्क्रीनिंग की गई। हिंदी के छात्रों ने गैर-हिंदी छात्रों को हिंदी शब्दों के दैनिक उपयोग का सरल अनुवाद और हिंदी में बुनियादी बातचीत करने का तरीका सिखाया। अंतिम कार्यक्रम प्रतिष्ठित गोलकुंडा किले की फील्ड ट्रिप रही जिसका छात्रों ने पूरा आनंद उठाया। हिंदी दिवस के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज फॉर वूमेन, बेगमपेट की एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी डॉ. अफसर उन्नीसा बेगम ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। हिंदी दिवस समारोह एवं समापन कार्यक्रम का आयोजन छात्रों द्वारा अतिथि का स्वागत, प्रार्थना, नृत्य, कविता पाठ, हिंदी फिल्मों के गीत और हिंदी भाषा के महत्व पर आधारित गीत गाकर किया गया। मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. अफसर उन्नीसा बेगम ने हिंदी दिवस और हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

उप प्राचार्या श्रीमती जयंती रेड्डी अतिथि को सम्मानित करते हुए	अतिथि के साथ छात्रों का सामूहिक चित्र

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए इंट्रा कॉलेजियट प्रतियोगिताएँ

Name of the program	: Intra collegiate Competitions
Date	: 04/11/2022
Place	: Classroom
Number of Participants	: 60

लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद प्रतिवर्ष छात्रों की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर इंट्रा कॉलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इसी क्रम में कॉलेज के आर्ट्स विभाग (हिन्दी) ने वर्ष 2022-23 में अनुवाद और कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अनुवाद प्रतियोगिता में डिंपल चौधरी व जीवांश अग्रवाल ने प्रथम, स्पर्श तिवारी व जी सौम्या तेजस्वीनी ने द्वितीय तथा
लक्ष्मी व एम. श्रद्धा रेड्डी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कविता वाचन प्रतियोगिता में श्रेया ने प्रथम, एडना एन्ज़िला ने द्वितीय तथा ललिता ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रस्तुत है प्रतियोगिताओं की झलकियाँ:

कविता वाचन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र	कविता वाचन प्रतियोगिता के निर्णायक

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

हरिवंशराय बच्चन जयंती का आयोजन

Name of the program	: Harivansh Rai Bachchan Jayanti
Date	: 28/11/2022
Place	: Montfort Hall
Number of Participants	: 109

आर्ट्स विभाग (हिन्दी) द्वारा दि. 28.11.2022 को हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार, हालावाद के प्रवर्तक हरिवंशराय बच्चन की जंयती का आयोजन किया गया। अवसर पर कॉलेज की हिंदी प्राध्यापिका शीला बालाजी ने छात्रों को हरिवंशराय बच्चन का परिचय देते हुए कहा कि हरिवंशराय बच्चन ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया। उनकी रचनाओं में उनके जीवन का अनुभव प्रकट होता है। वे मधुशाला काव्य रचना के माध्यम से बहुत चर्चित और लोकप्रिय हुए। प्राध्यापिका ने छात्रों को हिंदी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इससे उनकी प्रतिभा में निखार आएगा। साहित्य हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। इसे अपने जीवन से जोड़ने से जीवन सहज और सरल हो सकता है।

इस अवसर पर छात्रों ने सांसकृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिसमें हरिवंशराज बच्चन की कविताओं को सस्वर वाचन तथा उनके सुपुत्र अमिताभ बच्चन के फिल्मों के हिट गीतों पर नृत्य शामिल है। छात्र सौम्या (बीए 1), रश्मी (बीकॉम 1), रोहन (बीएससी 2), जीवांश (बीबीए 2), कौशिक (बीकॉम जनरल 2) आदि छात्रों ने हरिवंशराय बच्चन की रचनाओं का सस्वर पाठ किया। हरिवंशराय बच्चन की जीवनी पर बीबीए 2 की छात्राएँ नंदिनी और अफशिया ने पीपीटी प्रस्तुत की।

बीएससी के अंतिम वर्ष का छात्र ऋषिकेश ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रस्तुत है कुछ झलकियाँ -

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते और कार्यक्रम का आनंद उठाते हुए छात्र

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

क्विनडेसिनियल समारोह के उपलक्ष्य में फेस्टा लेटरारिया

Name of the program	: Intercollegiate competitions (Degree)
Date	: 05/12/2022
Place	: Heritage Hall
Number of Participants	: 42

लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद द्वारा क्विनडेसिनियल समारोह के उपलक्ष्य में फेस्टा लेटरारिया के अंतर्गत यूजी पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए विभिन्न अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के भाग के रूप में कॉलेज के आर्ट्स विभाग हिंदी ने शब्द निर्माण प्रतियोगिता तथा विज्ञापन गीत प्रतियोगता का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में हैदराबाद-सिकंदराबाद के महाविद्यालयों – सेंट एन्स, सेंट पाइस, सेंट फ्राँसिस, एलएफडीसी आदि से छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि शब्द निर्माण प्रतियोगिता में दो सदस्यों के 13 टीमों ने और विज्ञापन गीत में 8 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शब्द निर्माण प्रतियोगिता में - प्रथमः कविता भाटिया व रितिका परिहार (सेंट एन्स कॉलेज), द्वितीयः ललिता श्री व बेवली (एलएफडीसी) तथा तृतीय शालीनी और आस्मा (सेंट फ्राँसिस कॉलेज) ने और विज्ञापन गीत में प्रथमः अफसिया व श्रीया (एलएफडीसी), द्वितीय कविता भाटिया व रितिका परिहार (सेंट एन्स कॉलेज) तथा तृतीय गौरव व ललिता श्री एवं सौम्य व शॉन (एलएफडीसी) ने सफलता हासिल की।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

क्रिनडेसिनियल समारोह के उपलक्ष्य में फेस्टा लेटरारिया

Name of the program	: Inter collegiate competitions (Intermediate +2 students)
Date	: 06/12/2022
Number of Participants	: 44
Place	: Heritage Hall

लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद द्वारा क्रिनडेसिनियल समारोह के उपलक्ष्य में फेस्टा लेटारिया के अंतर्गत इंटर व 12 के पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए विभिन्न अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं के भाग के रूप में कॉलेज के आर्ट्स **विभाग** हिंदी ने मुहावरा पहचानों तथा कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में हैदराबाद-सिकंदराबाद के इंटर व +12 के विद्यालय, एलएफजेसी आदि से छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

मुहावरा पहचानों प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र	मुहावरा पहचानों प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

	
कविता वाचन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र	मुहावरा पहचानों प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

Name of the program	: Vishwa Hindi Diwas Celebrations
Date	: 10/01/2023
Place	: Room No. P-32
Number of Participants	: 30

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर, आर्ट्स विभाग हिंदी द्वारा 10.01.2023 को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदी के छात्रों ने हिंदी भाषा पर अपने विचार व्यक्त किए। कॉलेज की हिंदी प्राध्यापिका शीला बालाजी ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को विश्व हिंदी दिवस के आयोजन की उपयोगिता और आवश्यकता की जानकारी दी।

कार्यक्रम में कॉलेज की हिंदी प्राध्यापिका शीला बालाजी अपने विचार व्यक्त करते

हिंदी भाषा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र ज्योति

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

कार्यक्रम में शामिल छात्र

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

लिटिल फ्लावार डिग्री कॉलेज की हिंदी प्राध्यापिका ने निभाई निर्णायक की भूमिका

Name of the program	:	Bhavanotsav
Date	:	09/02/2023
Place	:	Bhavans Vivekananda college

दि. 09.02.2023 को भवन्स विवेकानंदा कॉलेज, सैनिकपुरी, सिकंदराबाद द्वारा छात्रों के लिए 'भवनोत्सव' राष्ट्रीय स्तर की अंतर विद्यालयीन टेकनो-सांसकृतिक प्रतियोगिताएँ 'भाषा तरंग' आयोजित की गईं। भाषा तरंग के अंतर्गत वाक, आशुभाषण (एक मिनट) और कविता का सस्वर वाचन प्रतियोगिताओं के लिए लिटिल फ्लावार डिग्री कॉलेज की हिंदी प्राध्यापिका श्रीमती शीला बालाजी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रस्तुत है कुछ झलकियाँ:

बाएँ से – प्रथम निर्णायक के रूप में मंच पर आसीन श्रीमती शीला बालाजी

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

श्रीमती शीला बालाजी सम्मान ग्रहण करते हुए

श्रीमती शीला बालाजी मूल्यांकन करते हुए

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

लिटिल फ्लावार डिग्री कॉलेज के छात्र को मिला पुरस्कार

Name of the program	: Bhavanostav
Date	: 09/02/2023
Place	: Bhavans Vivekananda College
Participants	: 01

दि. 09.02.2023 को भवन्स विवेकानंदा कॉलेज, सैनिकपुरी, सिकंदराबाद द्वारा छात्रों के लिए 'भवनोत्सव' राष्ट्रीय स्तर की अंतर विद्यालयीन टेकनो- सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ 'भाषा तरंग' आयोजित की गईं जिसमें भाषा तरंग के अंतर्गत वाक, आशुभाषण (एक मिनट) और सस्वर कविता वाचन (राईम इन रिधम्) प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सस्वर कविता वाचन (RHYME IN RHYTHM) में लिटिल फ्लावार डिग्री कॉलेज के छात्र कौशिक को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

श्रीमती जयंती रेड्डी और प्राध्यापक श्रीमती शीला के साथ छात्र कौशिक